पंच नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

साझेदारी करने की घोषणा की

ऋषिकेश। मुकुल माधव फाउंडेशन ने गंगा प्रेम हॉस्पिस के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार में कैंसर रोगियों की पेलिएटिव केयर सुविधा के लिहाज से की गई है। ए के दीवान, गंगा प्रेम हॉस्पिस के चिकित्सा निदेशक, डॉ. रुपाली दीवान, एमडी, श्रद्धा कैंसर केयर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी, अरुण ओझा, महाप्रबंधक, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, पूजा डोगरा, सीओओ गंगा प्रेम हॉस्पिस, नानीमा, गंगा प्रेम हॉस्पिस की ट्रस्टी और आध्यात्मिक सलाहकार और अमृत राज, आरोग्यधाम में एक पुरस्कार विजेता आयुर्वेद चिकित्सक और एमएमएफ के शुभचिंतक की मौजूदगी में पेलिएटिव केयर यूनिट वाहन औपचारिक रूप से सौंपा गया। रीता हिंदुजा छाबड़िया ने कहा कि गंगा प्रेम हॉस्पिस को पेलिएटिव केयर यूनिट वाहन सौंपने के साथ फाउंडेशन में हम खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं।